कार्यालय उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या– 18 / 03 / ई–5 / 2024–25
प्रयागराज, दिनांक: 18 मार्च, 2025

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–ए–3 / ई–1 / 2024, दिनांक–10.04.2024 के द्वारा विज्ञापित सम्मिलित राज्य कृषि सेवा (मु0) परीक्षा–2024 के अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा **दिनांक 23 मार्च, 2025 से 26 मार्च, 2025 तक,** दो सत्रों में **(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) प्रदेश के लखनऊ जनपद** में अवस्थित उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, शिविर कार्यालय के चार परीक्षा भवनों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत है–

क्र. सं.	परीक्षा की तिथि	सत्र / समय / अवधि	विषय
1.	23.03.2025	प्रथम सत्र (09:30 से 12:30 बजे तक) 3 घण्टे	अनिवार्य प्रश्नपत्र प्रथम प्रश्नपत्र–सामान्य अध्ययन(परम्परागत) (01 घण्टा 30 मिनट) द्वितीय प्रश्नपत्र– हिन्दी निबन्ध(परम्परागत) (01घण्टा 30 मिनट)
		द्वितीय सत्र (02.00 से 05.00 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय–फसल सुरक्षा (परम्परागत)
2.	24.03.2025	प्रथम सत्र (09:30 से 12:30 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय– कृषि विकास (परम्परागत)
		द्वितीय सत्र (02.00 से 05.00 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय–मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन (परम्परागत)
3.	25.03.2025	प्रथम सत्र (09:30 से 12:30 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय– शस्य विज्ञान (परम्परागत)
		द्वितीय सत्र (02:00 से 05:00 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय–कृषि वनस्पति विज्ञान / अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन (परम्परागत)
4.	26.03.2025	प्रथम सत्र (09:30 से 12:30 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय–कृषि एवं उद्यान विज्ञान (परम्परागत)
		द्वितीय सत्र (02:00 से 05:00 बजे तक) 3 घण्टे	वैकल्पिक विषय–खाद्य विज्ञान (परम्परागत)

प्रश्नगत परीक्षा के अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा **परीक्षा प्रारम्भ होने से 45 मिनट पूर्व प्रवेश**

बन्द कर दिया जाएगा। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर दिनांक 19.03.2025 से उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपने ओ0टी0आर0 नम्बर के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई0डी0प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी)
उपसचिव।